# 55% मतदाता अनुमोदन के साथ किफायती आवास और सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए स्थानीय बॉन्ड्स की अनुमति देता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।

## ★ प्रस्ताव 5 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 5 पर हाँ में मतदान करें।

प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं को किफायती आवास और सड़कों, पुल, स्थानीय अग्नि सुरक्षा और जल प्रणालियों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण पर अधिक नियंत्रण देता है। टैक्सों को बढ़ाए बिना, प्रस्ताव 5 स्थानीय सार्वजनिक नीति निर्णयों और व्यय प्राथमिकताओं को राज्य सरकार से दूर कर देता है, जिससे स्थानीय मतदाताओं और करदाताओं को अपने समुदायों में उन मुद्दों को संबोधित करने के लिए अधिक साधन, अधिक शक्ति और अधिक स्वायत्तता मिलती है।

प्रस्ताव 5: कम और मध्यम-आय वाले California निवासियों के लिए किफायती आवास

हमारे यहाँ कम और मध्यम-आय वाले California निवासियों के लिए किफायती आवास की भारी कमी है। आवास की उच्च लागत हमारे वेतन का बहुत अधिक हिस्सा हड़प लेती है, और कई मध्यम-वर्गीय परिवारों को उन समुदायों से बाहर निकाल दिया जा रहा है जहाँ वे काम करते हैं और जहाँ उनके बच्चे स्कूल जाते हैं। प्रस्ताव 5 स्थानीय समुदायों को आवास को और अधिक किफायती बनाने के लिए और साधन देता है, जिसमें शामिल हैं: • पहली बार घर खरीदने वालों के लिए प्रोग्राम प्रदान करना; • कम और मध्यम आय वाले California निवासियों, वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों और बेघर परिवारों के लिए किफायती बिक्री के लिए स्वामित्व वाले और किराये के आवासों सहित नए आवासों का निर्माण करना; और • मौजूदा किफायती आवासों का नवीनीकरण और मरम्मत करना।

प्रस्ताव 5: नए आवास और सुरक्षित समुदायों का समर्थन करने वाली स्थानीय परियोजनाएँ

किफायती आवास के अलावा, प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं के लिए पुलों, सड़कों, सार्वजनिक परिवहन, जल प्रणालियों और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक बुनियादी ढांचों, जैसा भी वे उचित समझें, के संरक्षण मरम्मत और सुधार में निवेश करना आसान बनाता है। स्थानीय मतदाता आपातकालीन तैयारियों के लिए बॉन्ड्स को भी स्वीकृति दे सकते हैं, जिसमें स्थानीय अग्निशमन केंद्र और इंजन, एम्बुलेंस और प्राकृतिक आपदाओं के लिए पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ शामिल हैं। प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं पर विश्वास करता है कि वे अपने समुदायों में सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों को प्राथमिकता देंगे।

प्रस्ताव 5: स्थानीय नियंत्रण। बढ़ी हुई जवाबदेही

प्रस्ताव 5 टैक्स नहीं बढ़ाता है। यह मतदाताओं को राज्य पर निर्भर हुए बिना अपने समुदायों की उन अनोखी ज़रूरतों को संबोधित करने की अधिक शक्ति देता है, जिसने अधिकांश California परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना नहीं किया है।

लेकिन बढ़े हुए नियंत्रण के साथ, जवाबदेही, पारदर्शिता और निगरानी भी बढ़ती है यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये प्रोग्राम वास्तव में परिणाम दें। स्थानीय टैक्स डॉलर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, योग्य बॉन्ड विधेयकों में कड़ी जवाबदेही की ज़रूरतें शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं: • वित्तपोषित की जाने वाली विशिष्ट प्रकार की परियोजनाओं की स्पष्ट सूची। • सभी निधियों को उस क्षेत्राधिकार के लाभ के लिए खर्च किया जाना ज़रूरी है जो बॉन्ड को स्वीकृति देता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्थानीय करदाताओं को लाभ हो। • प्रशासनिक लागतों पर सीमाएँ ताकि संसाधनों का इस्तेमाल उन परियोजनाओं के लिए किया जाए जिनके लिए स्थानीय करदाताओं ने मतदान दिया था। • खर्च के स्वतंत्र प्रदर्शन और वित्तीय लेखा-परीक्षणों को सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया जाना ज़रूरी है और राज्य लेखा परीक्षक द्वारा समीक्षा किया जाना ज़रूरी है। • स्थानीय अधिकारियों के लिए हितों के टकराव की कड़ी जांचें। • स्वतंत्र नागरिक समिति द्वारा निरीक्षण।

कई वर्षों से, स्थानीय मतदाता को पता है कि उनके समुदाय किन चुनौतियों का सामना करते हैं और उन समस्याओं को सबसे अच्छे तरीके से कैसे संबोधित किया जाए। प्रस्ताव 5 पर हाँ में मतदान करने से स्थानीय मतदाता अपने समुदायों की ज़रूरतों के बारे में निर्णय लेने की शक्ति मिलती है और उन स्थानीय समस्याओं को हल करना आसान हो जाता है, राज्य सरकार पर कम निर्भरता के साथ जो हमारे व्यक्तिगत समुदायों की महत्वपूर्ण ज़रूरतों को पूरा करने में बहुत धीमी और असमर्थ साबित हुई है।

प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं पर विश्वास करता है कि उन्हें पता है कि किफायती आवास की कमी और अन्य बुनियादी ढांचों की चुनौतियों का सामना करने पर उनके अपने समुदायों के लिए सबसे अच्छा क्या है, और उन्हें अपने स्थानीय समाधानों में निवेश करने के लिए उपकरण देता है।

प्रस्ताव 5 पर हाँ में मतदान करें।

**Brian K. Rice**, प्रेज़ीडेंट
California पेशेवर अग्निशामक

**Christopher Carson**, प्रेज़ीडेंट
California की महिला मतदाताओं की लीग

**Leah Miller**, चेयरपर्सन
मानवता के लिए ठौर-ठिकाना California

## ★ प्रस्ताव 5 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 5 पर नहीं: अधिक सरकारी ऋण और उच्च संपत्ति टैक्स

राजनेताओं का दावा है कि बॉन्ड पारित करना आसान बनाने के लिए उन्हें प्रस्ताव 5 की ज़रूरत है, लेकिन वे आपको यह नहीं बताते कि बॉन्ड मुफ़्त नहीं होते हैं। बॉन्ड्स ऋण होते हैं। $20 बिलियन के बॉन्ड को चुकाने में $30 बिलियन का खर्च आता है—और इस का भुगतान उच्च संपत्ति टैक्स लगाकर किया जाता है।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: करदाताओं को क्रेडिट कार्ड के रूप में इस्तेमाल करने की एक चाल

Sacramento के राजनेताओं ने केवल दो वर्षों में $100 बिलियन के अधिशेष को $73 बिलियन के घाटे में बदल दिया है। अब, वे स्थानीय खर्च करना जारी रखने के लिए करदाताओं को क्रेडिट कार्ड के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि आप बढ़ाए गये संपत्ति टैक्सों से किफायती आवास और अन्य "बुनियादी ढांचे" की परियोजनाओं के लिए भुगतान करें।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: "बुनियादी ढांचों" से परे जाने वाली खामियाँ

राजनेताओं का कहना है कि प्रस्ताव 5 "बुनियादी ढांचों" का निर्माण करेगा, लेकिन बारीक प्रिंट "बुनियादी ढांचों" को इतने व्यापक रूप से परिभाषित करता है कि इसमें वे स्थानीय करदाताओं के आधार पर जिस किसी भी परियोजना को वित्तपोषित करना चाहें, कर सकते हैं।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: अधिक फिज़ूलखर्ची

राजनेताओं का कहना है कि "किफायती" आवास बनाने के लिए प्रस्ताव 5 की ज़रूरत है, लेकिन वे आपको यह नहीं बताते कि उनके किफायती आवास की लागत प्रति यूनिट $1 मिलियन जितनी है और इसके साथ महंगे राज्य जनादेश भी आते हैं।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: उच्च टैक्स, उच्च किराये, उच्च कीमतें

1879 से, California को अधिकांश बॉन्ड्स को अनुमोदित करने के लिए 2/3 बहुमत का अनुमोदन ज़रूरी होती है। प्रस्ताव 5 उस सीमा को कम करता है—जिसका अर्थ है कि मकान मालिकों के लिए अधिक ऋण और उच्च संपत्ति टैक्स, किराएदारों के लिए उच्च किराया, किसानों के लिए उच्च लागतें, और हम जो कुछ भी खरीदते और इस्तेमाल करते हैं उसकी उच्च कीमतें।

राजनेताओं पर भरोसा न करें। प्रस्ताव 5 पर नहीं में मतदान करें।

**Jon Coupal**, प्रेज़ीडेंट
Howard Jarvis करदाताओं का संघ

पादरी **Dwight E. Williams**, चेयरमैन
California वरिष्ठ गठबंधन

**Greg Van Dyke**, प्रेज़ीडेंट
California सामर्थ्य और सुरक्षा उपभोक्ता अधिवक्ता





इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 5 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 5 पर नहीं: राजनेताओं द्वारा ऋण को बढ़ाने और टैक्सों में वृद्धि करने के लिए लिखा गया

प्रस्ताव 5 बॉन्ड पारित करने के लिए मतदाता अनुमोदन की ज़रूरतों को कम करके 145 वर्षों से मौजूद संवैधानिक ज़रूरतों को बदलता है। प्रस्ताव 5 शहरों, काउंटियों और विशेष ज़िलों के लिए California के हमारे पहले से ही अत्यधिक बढ़े हुए ऋण स्तरों के लिए संपत्ति टैक्सों में वृद्धि करना आसान बनाता है। आसमान छूती ब्याज दरों के साथ, बढ़े हुए ऋण का अर्थ है कि अंततः हर California निवासी द्वारा भुगतान किया जाने वाला उच्च संपत्ति टैक्स।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: और भी अधिक अरक्षणीय ऋण

राज्य और स्थानीय ऋण $500 बिलियन से अधिक होने के साथ, California पर पहले से ही किसी भी अन्य राज्य की तुलना में बहुत अधिक ऋण है। जब इस ऋण को राज्य की कुल अवित्तपोषित देनदारियों में जोड़ा जाता है, तो यह कुल $1.6 ट्रिलियन हो जाता है। प्रस्ताव 5 करदाताओं पर और भी अधिक बोझ डालता है—जिससे भविष्य की पीढ़ियों पर बिल का भुगतान करने का बोझ बढ़ जाता है!

प्रस्ताव 5 पर नहीं: उच्च टैक्स, उच्च किराये, उच्च कीमतें

बॉन्ड कोई मुफ़्त पैसा नहीं होता है। किसी ऋण, बंधक वस्तु या क्रेडिट कार्ड ऋण की तरह ही, बॉन्ड का भी वापस भुगतान करना होता है—और वो भी ब्याज सहित। ब्याज शुल्क, $20 बिलियन के बॉन्ड को मूलधन और ब्याज के बाद $30 बिलियन टैक्स में बदल देता है—और करदाता उच्च संपत्ति टैक्सों के जरिए उन लागतों को चुकाते हैं।

उच्च संपत्ति टैक्स का मतलब है घर के मालिकों के लिए घर के लिए उच्च भुगतान, किराएदारों के लिए उच्च किराया, किसानों के लिए उच्च लागतें और हम जो कुछ भी खरीदते हैं उसकी उच्च कीमतें क्योंकि स्थानीय व्यवसायों को अपने उच्च संपत्ति टैक्सों को उपभोक्ताओं पर डालना होगा।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: राज्य का बोझ स्थानीय करदाताओं पर डालता है

Sacramento के राजनेताओं ने अपने वित्तीय कुप्रबंधन और बेकार खर्च से बहुत अव्यवस्था कर दी है, जिसने $100 बिलियन के अधिशेष को अरक्षणीय खर्च के साथ $73 बिलियन के घाटे में बदल दिया है। प्रस्ताव 5 राजनेताओं को राज्य कार्यक्रमों की लागतों को स्थानीय करदाताओं पर डालकर अपनी अव्यवस्था को छिपाने की अनुमति देता है। और प्रस्ताव 5 को "बुनियादी ढांचे " को इतने व्यापक रूप से परिभाषित करने के लिए लिखा गया कि इसमें लगभग वह सब कुछ शामिल हो सकता है जिसे भी राजनेता और विशेष हित वित्तपोषित करना चाहें, करदाताओं की पीठ पर लादकर वित्तपोषित कर सकते हैं।

प्रस्ताव 5: छुपी हुई शर्तों से सावधान रहें

जिन राजनेताओं ने प्रस्ताव 5 लिखा था, उन्होंने छुपी हुई शर्तों में एक प्रावधान भी छिपा दिया जो इसे पूर्वप्रभावी बना देगा—जिसका अर्थ है कि इस नवंबर में पारित होने वाले किसी भी बॉन्ड को पारित होने के लिए पारित होने के लिए कुल मिलाकर केवल कम मतदान की आवश्यकता होगी। आमतौर पर, मतदाता जब मतपत्र पर किसी विधेयक को अनुमोदित करते हैं, तो वह विधेयक, चुनाव परिणामों के प्रमाणित होने तक कानून नहीं बनता है। प्रस्ताव 5 को पूर्वप्रभावी बनाकर, वे करदाताओं पर तुरंत नए टैक्स लगाने और ऋण के रूप में अरबों का बोझ डालने की उम्मीद करते हैं। इसका मतलब है कि करदाताओं को अपने संपत्ति टैक्स में तुरंत भारी वृद्धि देखने को मिल सकती है।

प्रस्ताव 5 पर नहीं: यह हर चीज़ को और महंगा बना देगा

California निवासी पहले से ही देश में सबसे अधिक जीवन-यापन लागत से जूझ रहे हैं। हम पहले से ही देश में सबसे अधिक आय, बिक्री और गैस टैक्सों का भुगतान करते हैं, और प्रस्ताव 5 से सभी के लिए संपत्ति टैक्स और भी अधिक हो जाएँगे और लागतें भी बढ़ जाएंगी। घर के मालिकों पर उच्च टैक्स का बोझ पड़ेगा, किराएदारों पर उच्च किराया और उपभोक्ताओं पर भोजन से लेकर गैस और उपयोगिताओं से लेकर सेवाओं तक, हर चीज़ पर, उच्च मूल्य का बोझ पड़ेगा।

प्रस्ताव 5 सब कुछ और अधिक महंगा बना देगा, जबकि California निवासी इसे वहन करने में सबसे कम सक्षम हैं।

**प्रस्ताव 5 पर नहीं।**

**Robert Gutierrez**, प्रेज़ीडेंट
California ग्रोसर्स संघ

**Julian Canete**, प्रेज़ीडेंट
California हिस्पैनिक चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स

**Kendra Moss**, सलाहकार सदस्य
भूतपूर्व महिला सैनिकों का गठबंधन



## ★ प्रस्ताव 5 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 5 पर हाँ, टैक्स नहीं बढ़ाता: प्रस्ताव 5 केवल स्थानीय सार्वजनिक नीति निर्णयों और व्यय प्राथमिकताओं को राज्य सरकार से दूर करता है, जिससे स्थानीय मतदाताओं और करदाताओं को अपने समुदायों में मुद्दों को संबोधित करने के लिए ज्यादा साधन और अधिक स्वायत्तता मिलती है। राज्यव्यापी बॉन्ड विधेयकों के विपरीत, प्रस्ताव 5 के लिए आवश्यक है कि स्थानीय करदाताओं द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं से स्थानीय करदाताओं को ही लाभ हो, और यह उन समुदायों को अधिक शक्ति देता है जो वास्तविक समस्याओं को हल करने के लिए प्रस्ताव 5 का इस्तेमाल करना चुनते हैं।

प्रस्ताव 5 कोई बॉन्ड या टैक्स नहीं है: प्रस्ताव 5 अंततः स्थानीय समुदायों को महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की ज़रूरतों को संबोधित करने का विकल्प देता है, यदि स्थानीय मतदाताओं के एक सुपर-बहुमत द्वारा इसका समर्थन किया जाता है। चाहे यह पहली बार घर खरीदने वालों, वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों और कामकाजी परिवारों के लिए आवास का खर्च उठाना आसान बना रहा हो, या उन स्थानीय सड़कों और पुलों को ठीक करना हो, जिन पर परिवार काम और स्कूल तक की सुरक्षित यात्रा के लिए निर्भर हैं, प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं को स्थानीय समस्याओं को हल करने के लिए सशक्त बनाता है।

प्रस्ताव 5 के लिए जवाबदेही बढ़ाने की ज़रूरत: उन समुदायों के लिए जो प्रस्ताव 5 का इस्तेमाल करना चुनते हैं, कड़ी करदाता सुरक्षा अनिवार्य होगी, जिसमें शामिल हैं: • वित्तपोषित की जाने वाली परियोजनाओं की एक सूची। • प्रशासनिक लागतों पर सीमाएँ और हितों के टकराव के कड़ी नियम। • स्वतंत्र लेखा-परीक्षणों को सार्वजनिक किया जाना, और एक प्रशिक्षित स्थानीय नागरिक निगरानी समिति।

प्रस्ताव 5 पर हाँ में मतदान दें: मतदाताओं को हमेशा से पता है कि उनके समुदायों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और किफायती आवास, जल प्रणाली, सड़कों की मरम्मत, अग्निशमन केंद्र और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की ज़रूरतों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को कैसे संबोधित किया जाए। प्रस्ताव 5 स्थानीय मतदाताओं को उन चुनौतियों को हल करने के लिए विकल्प और साधन प्रदान करेगा।

**Daniel Parra**, प्रेज़ीडेंट
California की शहरों की लीग

**John Valencia**, प्रेज़ीडेंट
मध्यम वर्ग करदाता संघ

**Michelle Gutierrez Vo**, प्रेज़ीडेंट
California नर्स एसोसिएशन

इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।